J-167

B.Sc. (Part-I) (Old Course) Examination, 2021

आधार पाठ्यक्रम

Paper - I

हिन्दी भाषा

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 75

Minimum Pass Marks : 25

नोट : सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है। अंक प्रश्नों के समक्ष दर्शाए गए हैं।

Q. 1. (क) पल्लवन का अर्थ स्पष्ट करते हुए उसकी परिभाषा दीजिए। **7**

अथवा

अनुवाद की परिभाषा एवं स्वरूप लिखिए।

(ख) किन्हीं दो का पल्लवन कीजिए : **8**

(i) का बरसा जब कृषि सुखाने।

(ii) जहाँ सुमति तहाँ संपत्ति नाना।

(iii) नर हो न निराश करो मन को।

(iv) संगठन में शक्ति है।

Q. 2. (क) राशन कार्ड के लिए आवेदन पत्र लिखिए। **7**

अथवा

अच्छे पत्र की विशेषताएँ बतलाइए।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं 4 शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : **4**

पृथ्वी, पर्वत, नदी, शिव, गंगा, पुष्प

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं दो लोकोक्तियों का अर्थ बतलाते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए : **4**

(i) आगे नाथ न पीछे पगहा।

(ii) जंगल में मोर नाचा, किसने देखा।

(iii) समरथ को नहिं दोष गुसाई।

(iv) सदा दिवाली संत की, बारह मास बसंत।

Q. 3. (क) मानक हिन्दी से आप क्या समझते हैं ? इसके मुख्य लक्षण बतलाइए। **7**

अथवा

औपचारिक मानक हिन्दी और अनौपचारिक मानक हिन्दी में क्या अंतर है ? स्पष्ट कीजिए।

(ख) नागरी लिपि के अन्य नाम एवं प्रारंभिक स्वरूप पर प्रकाश डालिए। **8**

अथवा

नागरी लिपि की वैज्ञानिकता को स्पष्ट कीजिए।

Q. 4. (क) भाषा से कम्प्यूटर की क्या अपेक्षाएँ हैं ? **7**

अथवा

सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हिन्दी के व्यवहार पर प्रकाश डालिए।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं 8 शब्दों का हिंदी में पदनाम लिखिए : **8**

Incharge, Dean, Ambassador, Controller, Trustee, Surveyor, Tracer, Registrar, Secretary, Store-keeper

Q. 5. (क) निम्नलिखित गद्यांश का उचित शीर्षक देते हुए सारांश लिखिए : **7**

बुद्धि और सहज ज्ञान दोनों अलग-अलग वस्तुएँ हैं या नहीं, इस विषय में पहले भी मतभेद था और आज भी मतभेद है। किंतु सामान्यतः मनुष्य सृष्टि को दो दृष्टियों से देखने का आदी रहा है। एक दृष्टि बुद्धि की दृष्टि है जिससे विज्ञान का विकास हुआ है। दूसरी दृष्टि हृदय की है, जिसका सहारा संत, महात्मा, कवि और कलाकार लेते हैं। प्राचीन काल में दृष्टा की उपाधि उन्हें दी जाती थी जो हृदयवादी होते थे, जो सत्य को समझते ही नहीं, देख भी लेते थे। किंतु 18वीं सदी में विज्ञान

के प्रारंभ के बाद बुद्धि प्रधान हो उठी और बुनियादी व्याख्या से ही मनुष्य को अधिक संतोष होने लगा। विज्ञान की किरणों के सामने जब धर्म फीका पड़ने लगा, अंधविश्वास की परम्परा बिखरने लगी, तब धर्म और धार्मिक परम्परा का समर्थन करने के लिए भी सहज ज्ञान वाली परम्परा का सहारा लिया गया किंतु ज्ञान और बुद्धि की स्थिति में अंतर है। बुद्धि से भूल इसलिए होती है कि उसका साधन तर्क है और तर्क भ्रामक हो सकता है किंतु सहज ज्ञान आलोकित मनोदशा में सत्य के रहस्य का उद्घाटन करता है और वस्तुओं को उनके खण्डित रूपों में न देखकर सम्पूर्णता से देखता है। बुद्धि गणक है, जो गणित के न्यास को सत्य समझना चाहती है। सहज वृत्ति स्वयं आँख है, वह गणना करके नहीं, वरन् क्षण मात्र में सत्य का पूरा स्वरूप देख लेती है।

(ख) संक्षेपण के महत्व और उपयोगिता पर प्रकाश डालिए। **8**

अथवा

संक्षेपण विधि का सम्यक् विवेचन कीजिए।

Printed Pages – 4

JN-167

B.Sc. (Part-I) (New Course) Examination, 2021

(आधार पाठ्यक्रम)

Paper - I

हिन्दी भाषा

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 75

Minimum Pass Marks : 25

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, प्रश्नों में आंतरिक विकल्प हैं। अंक प्रश्नों के समक्ष अंकित हैं।

Q. 1. (क) पत्र का आशय स्पष्ट करते हुए, पत्र के प्रकार लिखिए। **8**

अथवा

स्रोत भाषा और लक्ष्य भाषा को उदाहरण देकर समझाइये।

(ख) कहानी के तत्वों के आधार पर ईदगाह कहानी की समीक्षा कीजिए। **7**

अथवा

कहानीकार के रूप में मुंशी प्रेमचंद का परिचय दीजिए।

Q. 2. (क) निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए : **8**

उज्जवल, अनूपम, अनेकों, गांव, असाढ़, आशिर्वाद, ऊषा, दूकान

अथवा

अनेक शब्दों के लिए एक शब्द का क्या अभिप्राय है, कोई पाँच उदाहरण देकर समझाइये।

(ख) 'भारत वंदना' कविता का भावार्थ लिखिए। **7**

अथवा

सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' का सामान्य परिचय दीजिए।

Q. 3. (क) देवनागरी लिपि का उद्भव और विकास समझाइये। **8**

अथवा

संक्षेपण और संक्षिप्तीकरण को उदाहरण देकर समझाइये।

(ख) व्यंग्य विधा से क्या अभिप्राय है ? उसका उद्देश्य लिखिए। **7**

अथवा

हरिशंकर परसाई जी का साहित्यिक परिचय दीजिए।

Q. 4. (क) कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी क्या है, समझाइये। **8**

अथवा

सूचना प्रौद्योगिकी के कौन-कौन से घटक होते हैं, स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'शिकागो से स्वामी विवेकानंद का पत्र' की मुख्य बातों का उल्लेख कीजिए। **7**

अथवा

स्वामी विवेकानंद का परिचय देते हुए उनके कार्यों का उल्लेख कीजिए।

Q. 5. (क) मानक हिंदी भाषा से क्या आशय है, उसकी विशेषताएँ लिखिए। **8**

अथवा

मानक और अमानक भाषा को विस्तार से समझाइये।

(ख) सामाजिक गतिशीलता से क्या अभिप्राय है, विस्तारपूर्वक समझाइये। **7**

अथवा

आधुनिक काल में सामाजिक गतिशीलता की क्या स्थिति है, समझाइये।